वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रणव कुमार मुखार्जी): (क) तथा (ख) : सूचना एकत्र की जा रही है और यथासम्भव शीघ्र सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

मैसर्स कोहिनूर मिल्स लिमिटेड द्वारा उत्पादन शुल्क का भुगतान

8452. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **वित्त** मन्त्री मैसर्स कोहिनूर मिल्स लिमिटड, बम्बई, द्वारा केन्द्रीय विक्रय-कर और उत्पादनशुल्क का भुगतान करने के बारे में 21 मार्च, 1975 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4310 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मैसर्स कोहिनूर मिल्स लिमिटेड, बम्बई द्वारा वर्ष 1972–73, 1973–74 तथा 1974–75 के दौरान उत्पादन शुल्क की कितनी राशि का भुगतान किया गया ; और

(ख) क्या उन्होंने प्रतिवर्ष उत्पादन शुल्क का समय पर भुगतान किया ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रणव कुमार मुखार्जी): (क) मैसर्स कोहिनूर मिल्स लिमिटेड बम्बई ने वर्ष 1972–73, 1973–74 और 1974–75 में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क का है में निम्नलिखित रकमें जमा की हैं :—

वर्ष	केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क की रकम (करोड़ रु०)
1972–73	1.20
1973–74	1.28
1974–75	1.35

(ख) जी, हां।

अपोलो होटल, कोलाबा, बम्बई की बिक्री की राशि

8453. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मन्त्री अपोलो होटल कोलाबा, बम्बई की बिक्री की राशि के बारे में 7 मार्च, 1975 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2713 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अपोलो होटल कोलाबा, बम्बई की बिक्री की राशि सहित सब अपेक्षित जानकारी इस बीच एकत्र कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार को उक्त जानकारी एकत्र करने में क्या कठिनाइयां हो रही हैं और इस बारे में आंकड़े उपलब्ध कराने में सरकार को और कितना समय लगेगा ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) (क) से (ग) : पर्यटन विभाग एसे होटलों से, जोकि इसकी अनुमोदित सूची पर नहीं है, बिक्री की राशि आदि के बारे में सूचना नही मांगता है। अपोलो होटल पर्यटन विभाग का अनुमोदित होटल नही है।

सुनीता चिट फंड प्राइवेट लिमिटेड, इंदौर

8454. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **वित्त** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सुनीता चिट फण्ड प्राइवेट लिमिटेड जवाहर मार्ग, इन्दौर की इस समय अलग-अलग राज्यों में तथा मध्य प्रदेश के भिन्न-भिन्न नगरों में कितनी शाखाएं कार्यरत हैं और ये शाखायें अलग-अलग नगरों में किन-किन नामों से काम कर रही हैं ;